(c) if so, what steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI BABU LAL MARANDI): (a) to (c) The quantum of pollutants discharged by a vehicle tends to increase with aging, especially if the maintenance is poor. Checking of commercial vehicles for pollution is, however, a function of the State Transport Authorities who carry out a regular inspection and maintenance programme.

विज्ञान का विकास

*248. **श्री राज बब्बर: क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री ने "जय विज्ञान" का नारा दिया है; और

(ख) यदि हां, तो विज्ञान के विकास के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (डा० मुरली मनोहर जोशी): (क) जी हां।

(ख) प्रधान मंत्री ने 25 मई, 1998 को आयोजित शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार वितरण समारोह में अपने भाषण के दौरान वैज्ञानिक समुदाय, उद्योग और सरकार के नीति निर्माताओं के विचारार्थ निम्नवत् विशिष्ट सुझाव देकर "जय विज्ञान" नारे को कार्यान्वित करने हेतु अनेक उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत की:

(i) विज्ञान और वैज्ञानिक सोच को राष्ट्रीय जीवन का अभिन्न अंग बनाना;

(ii) सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय स्तर पर विज्ञान की शिक्षा में सुधार लाना;

(iii) योजना प्रक्रिया के लिए विज्ञान को केन्द्रीय बनाना;

(iv) हमारे युवा वैज्ञानिकों की बौद्धिक और मानसिक निधि में वृद्धि करना तथा प्रतिभावान वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को मान्यता देना एवं उनका सम्मान करना;

(v) ज्ञान नेटवर्क का सृजन और साहचर्य करना;

(vi) उद्योग में और उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना;

(vii) वैश्विक श्रेष्ठता और नेतृत्व के लिए चुनिंदा क्षेत्रों में ध्यान फोकस व केन्द्रित करना;

(viii) राष्ट्रीय अभियान के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाना;

(ix) बौद्धिक संपदा प्रवृत्ति (आन्दोलन) का सृजन करना;

(x) वैज्ञानिक संस्थानों को अफसरशाही से मुक्त करना।

शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उद्योगों को जोड़ने की पहल आरम्भ की जा चुकी है। उदाहरणार्थ, आम आदमी के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी, भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्द्धात्मकता, अंतर्जात संसाधनों में मूल्य अभिवृद्धि और विज्ञान में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने संबंधी आधारभूत मुद्दों की दिशा में कार्य करने हेतु सीएसआइआर के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के पूर्वाभिमुखीकरण के लिए विशिष्ट तौर पर कार्य योजना तैयार की गई है। समय और कार्य लक्ष्यों वाले विशिष्ट रणनीति पत्र तैयार किए जा रहे हैं। इसी प्रकार सरकार ने इस बजट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अवसंरचना के उन्नयन हेतु निधि (फिस्ट) नामक नए कार्यक्रम की घोषणा की है। 40 वर्ष से कम आयु के होनहार युवा वैज्ञानिकों के लिए शीघ्र ही एक विशेष "स्वर्ण जयंती फैलोशिप्स" की घोषणा की जाएगी ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। 11 मई को "प्रौद्योगिकी दिवस" के रूप में घोषित किया गया है जो इस बात का द्योतक है कि सरकार राष्ट्र निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका के महत्व पर बल देती है।

Ban of USA's Anti-Impotency drug 'VIAGRA' in India

*249. SHRI K. R. MALKANI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that impotence affects 30% of American males (*vide* Normal Shealy's 'Miracles Do Happen', p. 91, Parliament House Library);

(b) whether it is a fact that in India there is no such problem; and

(c) whether Government, in view of the above, will consider a ben on Cipla's plan (*vide*. Economic Times, dated 19th May, 1998) to introduce USA's anti-impotency drug 'VIAGRA' in India since